# कार्यालय, मेलाधिकारी, कुम्भ मेला, इलाहाबाद

22 अगस्त, 2012 ई0

सं0 750/पन्द्रह–कु0मे0इला0/2012–13–उ0प्र0 मेला अधिनियम, 1938 की धारा 4 (2) के साथ पठित इलाहाबाद माघ मेला नियमावली 1940 के नियम 3 (1) द्वारा प्रदत्त अधिकारों को प्रयोग करते हुए मैं, मणि प्रसाद मिश्र, मेलाधिकारी, कुम्भ मेला, इलाहाबाद, कुम्भ मेला 2013 के कुम्भ मेला क्षेत्र की सीमाएं निम्नवत् अधिसूचित करता हूं :–

उत्तर–बैरहना चौराहा से पुराना जी0टी0 मार्ग पर दारागंज थाना होते हुए किला घाट मार्ग पर दारागंज सब्जी मंडी तक, दारागंज सब्जी मण्डी से किला घाट मार्ग पर नागवासुकी मन्दिर तक, नागवासुकी मन्दिर से बक्शी बांध मार्ग तक, बक्शी बांध रोड से सलोरी एस0टी0पी0 रिंग बांध के एलनगंज छोर तक, सलोरी एस0टी0पी0 रिंग बांध के एलनगंज छोर से गंगा कछार में गंगेश्वर महादेव मन्दिर (चांदपुर सलोरी गांव में अमिताभ बच्चन पुलिया के पास) तक, गंगा कछार में गंगेश्वर महादेव मन्दिर (चांदपुर सलोरी गांव में अमिताभ बच्चन पुलिया के पास) से गंगा पार राम जानकी मन्दिर (कुटी) तक तथा राम जानकी मन्दिर (कुटी) से ग्राम हेतापट्टी-कुटी तिराहा (गारापुर-झूंसी मार्ग) तक।

पूरब–गारापुर-झूंसी मार्ग पर हेतापट्टी-कुटी तिराहा से उ0प्र0 राज्य सड़क परिवहन निगम की कार्यशाला तक, उ0प्र0 राज्य सड़क परिवहन निगम की कार्यशाला से इलाहाबाद-जौनपुर मार्ग पर रहिमापुर तिराहा तक, इलाहाबाद-जौनपुर मार्ग पर रहिमापुर तिराहा से अंदावा की ओर दुर्जनपुर (निकट भगवान शंकर मन्दिर) तक, दुर्जनपुर (निकट भगवान शंकर मन्दिर) से इलाहाबाद-वाराणसी जी0टी0 मार्ग पर गुलाब सिंह के पेट्रोल पम्प के निकट तक, गुलाब सिंह के पेट्रोल पम्प के निकट से इलाहाबाद-वाराणसी मार्ग पर झूंसी की ओर चक हरिहरवन गांव तक, चक हरिहरवन गांव से छतनाग मार्ग पर तुलसी राम के आवास के निकट (उरत्तापुर मोहम्मदाबाद गांव) तक, तुलसी राम के आवास से बिड़ला गेस्ट हाउस के उत्तर-पूर्वी छोर तक, बिड़ला गेस्ट हाउस के उत्तर-पूर्वी छोर से विद्युत पारेषण लाइन के टावर तक (हिमालयन संस्थान के निकट गंगा जी की अधोधारा के बायें पार्श्व की ओर), विद्युत पारेषण लाइन के (हिमालयन संस्थान के निकट गंगा जी की अधोधारा के बायें पार्श्व की ओर) से अरैल में गंगा जी के दाहिने पार्श्व पर स्थित विद्युत पारेषण लाइन के टावर तक।

दक्षिण–अरैल में गंगा जी के दाहिने पार्श्व पर स्थित विद्युत पारेषण लाइन के टावर से शिरोपरि जलाशय (ओमैक्स सिटी बसावट) तक, शिरोपरि जलाशय (ओमैक्स सिटी बसावट) से मवैया-अरैल रोड पर स्थित पुलिया तक (दिल्ली पब्लिक स्कूल के निकट), मवैया-अरैल रोड पर स्थित पुलिया (दिल्ली पब्लिक स्कूल के निकट) से देवरख उपरहार कच्चा मार्ग होते हुए महर्षि वेद विज्ञान मन्दिर (स्वामी ब्रह्मानन्द सरस्वती चेरिटेबुल ट्रस्ट) तक, महर्षि वेद विज्ञान मन्दिर (स्वामी ब्रह्मानन्द सरस्वती चेरिटेबुल ट्रस्ट) से लोकपुर सम्पर्क मार्ग एवं अरैल-नैनी मार्ग से मिर्जापुर-नैनी मार्ग तिराहा तक तथा मिर्जापुर-नैनी मार्ग तिराहा से पुराने यमुना पुल (इलाहाबाद छोर) तक।

पश्चिम–पुराने यमुना पुल (इलाहाबाद छोर) से यमुना बैंक मार्ग पर नये यमुना पुल के समानान्तर सेमेटरी मार्ग पर बैरहना चौराहा तक।

मणि प्रसाद मिश्र,
मेलाधिकारी, कुम्भ मेला,
इलाहाबाद।

## OFFICE OF THE MELA ADHIKARI KUMBH MELA, ALLAHABAD

### NOTIFICATION

August 22, 2012

**No. 750/XV/K.M. Ald./2012-13**-In exercise of the powers conferred under clause (II) of section 4 of the U.P. Mela Act, 1938, read with sub-rule (I) of rule 3 of the Allahabad Magh Mela Rules, 1940, I, Mani Prasad Mishra, Mela Adhikari, Kumbh Mela, Allahabad hereby notify the boundaries of Kumbh Mela area of ensuing Kumbh Mela, 2013, Allahabad as given below:

**North**—From Bairahana Chauraha-to-Daraganj Vegetable Market at Quila Ghat Road *via* Daraganj Police Station along old G.T. Road, from Daraganj Vegetable Market at Quila Ghat Road-to-Nagvasuki Temple along Quila Ghat Road, from Nagvasuki Temple-to-Buxi Bundh, from Buxi Bundh-to-Salori STP's Ring Bundh's Allenganj end, from Salori STP's Ring Bundh's Allenganj end-to-Gangeshwar Mahadev Temple near Amitabh Bacchan Culvert (Chandpur Salori village) along the Ganges Kachhar, from Gangeshwar Mahadev Temple-to-Ram Janaki Temple (Kuti) across the Ganges, from Ram Janaki (Kuti) Temple-to-Hetapatti-Kuti Road on T-Junction of Garapur-Jhunsi Road.

**East**—From Hetapatti-Kuti Road T-Junction on Garapur-Jhunsi Road-to Jhunsi near UPSRTC Workshop on Jhunsi-Rahimapur Road, from UPSRTC Workshop on Jhunsi-Rahimapur Road-to-Rahimapur T-Junction on Allahabad-Jaunpur Road, from Rahimapur T-Junction on Allahabad-Jaunpur Road-to-Durjanpur towards Andawan (near Lord Shiva's Temple), from Durjanpur (Lord Shiva's Temple)-to-Allahabad-Varanasi G.T. Road near Gulab Singh Petrol Pump, from Gulab Singh Petrol Pump to Chak Hariharvan village on Allahabad-Varanasi G.T. Road towards Jhunsi, from Chak Hariharvan Village-to-near Tulsi Ram's residence (village Ustapur Mohammdabad on Chhatanag Road, from near Tulsi Ram's residence-to-North-Eastern end of Birla Guest House, from Birla Guest House to Electricity Transmission Line's Tower located on the left bank of the Ganges downstream (near Himalayan Institute), from Electricity Transmission Line's Tower located on the left bank of the Ganges downstream (near Himalayan Institute) upto Electricity Transmission Line's Tower on the right bank across the Ganges in Arail.

**South**—From Electricity Transmission Line's Tower across the Ganges in Arail-to-Over Head Tank (Omaxe City Township), from over Head Tank (Omaxe City Township)-to the culvert point on the Mavaiya-Arail Road (near Delhi Public School), from Culvert Point-to-Maharshi Ved Vigyan Mandir (Swami Brahmanand Saraswati Charitable Trust) along Devrakh Uparhar Kachha Road, from Maharshi Ved Vigyan Mandir (Swami Brahmanand Saraswati Charitable Trust)-to Mirzapur-Naini Road along Lokpur Road and Arail-Naini Road and from Mirzapur-Naini Road at Arail-Naini Road-T-Junction upto old Yamuna Bridge (Allahabad end).

**West**—From old Yamuna Bridge (Allahabad end)-to-Yamuna Bank Road towards new Yamuna Bridge upto Bairahana Crossing (Cemetery Road).

MANI PRASAD MISHRA,
*Mela Adhikari,*
*Kumbh Mela, Allahabad.*

टिप्पणी–राजपत्र दिनांक 01-09-2012 के भाग 1-क में प्रकाशित विज्ञप्ति।
[ प्रतिलिपि–सूचनार्थ प्रषित–]
पी0एस0यू0पी0–1 आदेय (माघ मेला)–03-09-2012–120 प्रतियां (डी0टी0पी0 / आफसेट)।